# जनता का जोश और उत्साह सा व समय परिवर्तन की ओर इशारा कर रहा है : सैलजा

## कहा, देश व प्रदेशवासियों के सहयोग और स्नेह से कांग्रेस पुनः सत्ता में आएगी



तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़ :** वर्तमान भाजपा सरकार ने देश-प्रदेश की जनता को सिर्फ जुमलेबाजी करते हुए बहकाने का काम कर रही है। सरकार केवल पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, लेकिन जनता को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में कुछ नहीं किया जा रहा है। इसलिए अब समय आ गया है कि भाजपा की छुट्टी करके कांग्रेस की सरकार बनाए ताकि लोगों को सभी सुविधाएं मिल सकें।

आप लोगों का जोश बता रहा है कि अब जल्द ही समय बदलेगा। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने आज नाथूसरी चौपटा की अनाज मंडी में संतोष बेनीवाल द्वारा आयोजित कांग्रेस की जनसंदेश रैली में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

आज संघर्ष का दौर है। आज हमारी बहनें कांग्रेस का संदेश घर-घर जाकर पहुंचा रही हैं। इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है कि हम इनका हौसला बढ़ाएं। जब मैं पहली बार यहां आई थी, तब देश में कांग्रेस के लिए विकट स्थिति थी। लगता था कि क्या होगा, लेकिन उस विकट हालात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष किया और पार्टी को मजबूत किया। आज भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। आज हमें राहुल गांधी का संदेश जनता तक पहुंचाना है। राहुल गांधी ऐसे कांग्रेस के नेता है तो कभी झुके नहीं। वे जो कहते हैं, सच कहते हैं। आज पीएम मोदी गारंटी की बात करते हैं। आप भाजपा से पूछना कि पिछली बार जो वादा किया था, उसका क्या हुआ।

भाजपा ने सभी के खातों में 15 लाख रुपये देने, विदेशों से काला धन लाने का वादा किया था। हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था। आज युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। इसलिए भाजपा बताए कि पहले की गई गारंटी का क्या हुआ। कितने लोगों को रोजगार दिया गया। भाजपा के पास इन सवालों के कोई जवाब नहीं है। भाजपा ने किसानों को भी आमदनी दुगनी करने की गारंटी दी गई थी। लेकिन किसान की फसल की लागत तो डबल हो गई, मगर आमदनी नहीं हुई। आज किसान एमएसपी की गारंटी के लिए आवाज उठा रहे हैं। सरकार किसानों को रोकने के लिए सडको पर कीलें बिछा रही है। किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। भाजपा ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया।

सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। यह गारंटी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा राम मंदिर के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। भाजपा आज राम नाम की ठेकेदार बन रही है।

# आरएसएस जिला एकत्रीकरण में पहुंची तीन पीढ़ियां



**कैथल :** जिला मे संघ का एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसी बीच गांव मटौर से तीन पीढ़ियां का आना हुआ। एकत्रीकरण कार्यक्रम आरकेएसडी स्कूल में हुआ जिसमें संघ के प्रचारक बनवीर उपस्थित हुए। इस दौरान पदाधिकारियों ने संघ के सौ वर्षों संघर्ष के बारे में बताया। आज संघ समाज के प्रत्येक क्षेत्र में काम कर रहा है। चाहे सेवा भारती हो, चाहे विश्व हिन्दू परिषद हो। ऐसे ही अनेक संगठन सामाजिक कार्य करते हैं। इस एकत्रीकरण में हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस दौरान गजे सिंह अपने बेटे व पोत्रो के साथ पहुंचे।

# नागरिकता अधिनियम से मुस्लिम की नागरिकता को कोई ख़तरा नहीं : मौलाना

## कहा, बहकावे में आकर विरोध करने से बचें समाज के लोग

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** जुमे की नमाज़ के बाद मौलाना मोहम्मद सईदुर रहमान, कैथल सदर जमियत उलमा ऐ हिन्द ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम-2019 ने मुसलमानों में चिंता पैदा कर दी है और कई ओर से इसके खिलाफ बयान आ रहे हैं। अपनी जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर साफ कहा है कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, नागरिकता छीनने का नहीं।

गौरतलब है कि सरकार ने एनआरसी लागू करने के बारे में न तो कहा है और न ही अपना इरादा जताया है, इसलिए मुसलमानों को घबराना नहीं चाहिए और न ही कोई अनुचित कदम उठाना चाहिए



जिससे बड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सीएए हमारे पड़ोसी देशों जैसे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि के गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने में तेजी लाने का कानून है और इससे भारत के मुसलमानों के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा। ऐसे में सरकार दूसरे देशों से आये लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए भारत की नागरिकता देना चाहती है। इस लिहाज से यह सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के हितों और मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए सीएए का विरोध करने से बचें(सड़कों पर धरना-प्रदर्शन आदि करना शरीयत के नियम और कानून के अनुरूप नहीं है क्योंकि इन कार्यों में नुकसान बहुत है।

इसके साथ ही हम सरकार से मांग करते हैं कि वह सीएए को लेकर व्याप्त शंकाओं और चिंताओं का समाधान करे और मीडिया आदि के माध्यम से सच्चाई सामने लाए। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से भी अपील करते हुए कहा कि इस मुद्दे को हिंदु-मुस्लिम रंग देकर इसका राजनीतिकरण ना करें।

# बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि ने किसानों के अरमानों पर पानी फेरने का किया काम


## किसानों को फिर से चिंता में डाला, बरसात और ओलावृष्टि के कारण उन्हें दोहरी मार सहन करनी पड़ रही है

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** किसानों के अरमानों पर एक बार फिर से बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि ने पानी फेरने का काम किया है। रविवार सुबह से शाम तक हुई प्रदेश के कई जिलों कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, यमुनानगर पंचकूला, अंबाला आदि में बरसात और कई जगहों पर भारी ओलावृष्टि हुई और खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई।

कई गांवो व क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बरसात ने किसानों को फिर से चिंता में डाल दिया है। बरसात और ओलावृष्टि के कारण उन्हें दोहरी मार सहन करनी पड़ रही है। गांव टीक के किसान अनवर खान ने बताया कि उसकी 2 एकड़ गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। बेमौसमी बरसात को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रवक्ता रणदीप आर्य फरल ने भी सरकार से मांग की है कि जहां गत दिवस बरसात के मौसम में खराब हुई फसलों का मुआवजा जल्द दिया जाए। वहीं प्रदेश के अनेक इलाको में हुई ओलावृष्टि के कारण फसलों के नुकसान के आकलन के लिए तुरंत सर्वे करवाकर पीड़ित किसानों को भी मुआवजा दिया जाए।





### एक बार फिर हुई ठंड, तेज हवाओं से बदला मौसम

बरसात के साथ-साथ तेज हवाएं चलने से जहां मौसम में ठंडक होने से पारा लुढ़क गया। इस दौरान लोग चादर ओढ़ते भी दिखाई दिए। फरवरी में ठंड में कमी आने के बाद और मौसम खुलने के बाद बरसात व ओलावृष्टि से ठंड के अचानक बढ़ने से और मौसम के बदलाव के कारण मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है।

# विश्व हिन्दु परिषद ने कारसेवकों को किया सम्मानित

## रामलला के भव्य चित्र भेंट किये गये, धर्म रक्षा निधि समारोह को संबोधित किया

प्रवीन ठाकुर

**पानीपत :** अयोध्या में श्रीराम मन्दिर निर्माण के बाद हिंदू समाज को जागरूक रहना चाहिए क्योंकि रामकाज तो अब शुरू हुआ है । यह आह्वान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री वरुण ने एसडी कॉलेज के सभागार में विश्व हिंदू परिषद कार सेवक योद्धा सम्मान एवं धर्म रक्षा निधि समारोह को संबोधित करते हुए किया।

उन्होंने धर्मांतरण व जातिगत भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार सबरी ने श्री राम की प्रतीक्षा की थी उसी प्रकार हिंदू समाज के ऐसे वर्ग जो स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं उन्हें अपने गले लगाया जाना चाहिए एवं सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न करना चाहिए। ताकि हिंदू समाज मजबूत होकर धर्मांतरण करने वाली ताकतों का मजबूती से




**जिस प्रकार सबरी ने श्री राम की प्रतीक्षा की थी उसी प्रकार हिंदू समाज के ऐसे वर्ग जो स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं**

जवाब दे सके। इस अवसर पर 1990-92 में अयोध्या के विवादित ढांचे को ध्वस्त करने गए पानीपत के कार सेवक योद्धाओं का सम्मान किया गया और उन्हें रामलला के भव्य चित्र भेंट किये गये । विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव भाटिया एवं जिला मंत्री पुनीत बत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि समारोह में संत महेंद्र नाथ , महंत वेद प्रकाश , महंत दाऊजी महाराज , महंत श्रीनाथ महाराज, शेषनारायण जी महाराज, राधे राधे जी, दिनेश गोयल , विनोद धमीजा, अनूप गर्ग , राम नारायण रावल, हेमा रमण, सतीश ढींगरा, अनुपम अरोडा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बैंक व डाकघर जन-जन तक पहुंचाएंगे मतदान है जरूरी का संदेश

**यमुनानगर:** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारतीय चुनाव आयोग ने बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने भारतीय बैंक संघ( आईबीए) व डाक विभाग के साथ दो एमओयू साइन किये हैं। चुनाव का उद्देश्य लोगों को मतदान को लेकर अधिक से अधिक जागरूक करना है। इसके साथ ही डाक विभाग की मदद से आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। भारतीय चुनाव आयोग पंजीकृत मतदाताओं को सौ फीसद वोटिंग के लिए जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईबीए द्वारा बैंकों में आने वाले उपभोक्ताओं को मतदान के लिए अवेयर किया जाएगा।

# विधायक प्रमोद विज ने विराट नगर में 35 लाख से बने कम्यूनिटी सेंटर का किया लोकार्पण



प्रवीन ठाकुर

**पानीपत :** पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 21 में 35 लाख की लागत से बने विराट नगर कम्यूनिटी सेंटर का पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लोकार्पण किया है, लोकार्पण करने विधायक का वार्ड वासियों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।

विधायक के द्वारा शहर में 108 भवनों के निर्माण का लक्ष्य है, वर्तमान समय में लगभग 30 भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है एवं कुछ भवनों का निर्माण कार्य जारी है। विराट नगर कम्यूनिटी सेंटर बनाने की मांग स्थानीय जनों की थी, जिसे देखते हुए विधायक ने कम्यूनिटी सेंटर के निर्माण का टेन्डर लगाया था।


**35 लाख की लागत से बना है भवन :** कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण की 35 लाख रुपये की लागत से कराया गया है, भवन में लाइट, पंखे और जल की उचित व्यवस्था भी की गयी है।

**स्थानीय जनों ने जताया आभार:** विराट नगर के स्थानीय निवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भवन बनने से स्थानीय जनों को सामाजिक कार्यक्रम करने हेतु कम पैसों में बढ़िया लग्जरी हॉल मिलेगा ।

**शहर के विकास हेतु हुं लगातार प्रतिबद्ध :** विधायक प्रमोद विज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हू, भाजपा सरकार आम जनों के जीवन को बेहतर बनाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

**ये रहे मौजूद :** लोकार्पण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा, दिवाकर मेहता, मुकेश राजपूत, जितेन्द्र रोड़, पूर्व पार्षद संजीव दहिया, लोकेश नागरू, सुभाष मनचंदा, अशोक कालरा एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

# आरोग्य मेले में खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी






तेजयुग न्यूज़

**नरसेना।** क्षेत्र के कस्बा दौलतपुर कलां स्थित पीएचसी पर लगने वाले आरोग्य मेले में चिकित्सा के नहीं पहुंचने के चलते कुर्सी खाली पड़ी रही। जिस कारण फार्मासिस्ट के द्वारा मरीजों की जांच कर दवाइयां वितरण की गई।

नरसेना के कस्बा दौलतपुर कलां स्थित पीएचसी पर लगने वाले आरोग्य मेले में चिकित्सक के नही पहुंचने के चलते कुर्सी खाली पड़ी रही। मेले में तैनात फार्मासिस्ट शाहिद ने बताया की आरोग्य मेले में तैनात चिकित्सक कस्बे में लगने वाले कैंप में गए हुए हैं। जिसके चलते फार्मासिस्ट के द्वारा मेले में पहुंचने वाले मरीजों का चेकअप कर दवा वितरित की गई। फार्मासिस्ट ने बताया मेले में आरोग्य मेले में ज्यादातर मरीज खांसी, बुखार के पहुंचे।

# ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रबी की फसलों के नुकसान का पंजीकरण 10 मार्च 2024 तक : उपायुक्त

**यमुनानगर:** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए हरियाणा सरकार से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का अनुरोध किया था। हरियाणा सरकार ने उपायुक्त के अनुरोध पर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रबी की फसलों के नुकसान का पंजीकरण के लिए 10 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि फसलों के पंजीकरण के लिए किसान का परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है, किसान द्वारा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल प्राकृतिक आपदा के मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और बेहतर प्रणाली है।

# वर्ल्ड हियरिंग डे पर बहरापन मुक्त भारत मिशन की हुई शुरुआत



तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़ :** रविवार को वर्ल्ड हियरिंग डे है, इस मौके पर प्रख्यात ईएनटी सर्जन डॉ. अशोक गुप्ता और उनकी टीम ने मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में बहरापन मुक्त भारत मिशन की शुरूआत की। एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन सभी मरीजों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया जिनकी श्रवण शक्ति कमजोर हो गई थी और उनको इलाज से ठीक किया गया। कार्यक्रम में तमाम मरीजों ने परेशानियों और उनके निदान के बाद जो खुशी मिली उस पर खुल कर चर्चा की। इस दौरान डॉ. अनुरागिनी गुप्ता, डॉ. नेहा समेत तमाम अन्य स्टाफ और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रख्यात ईएनटी सर्जन डॉ. अशोक गुप्ता और उनकी सहयोगी ईएनटी सर्जन डॉ. अनुरागिनी गुप्ता ने बताया कि हमारे देश में बड़ी संख्या में लोग पूर्ण रूप से या आंशिक तौर पर बहरेपन की समस्या से पीड़ित हैं। डा. अशोक गुप्ता का कहना है कि बहरेपन या कम सुनने की समस्या के कई मामलों में समय से इलाज करवाने से पीड़ित की समस्या का निदान संभव है, लेकिन बहुत से लोग समस्या के लक्षणों को नहीं समझ पाते हैं। किसी भी कारण समस्या को नजरअंदाज करने और समय से इलाज शुरू ना करवाने के कारण पूर्ण या आंशिक श्रवण हानि का शिकार हो जाते हैं।

### बहरापन मुक्त भारत मिशन किया शुरू

डॉ. अशोक गुप्ता और डॉ. अनुरागिनी गुप्ता ने बताया कि हमारी टीम ने बहरापन मुक्त भारत मिशन की शुरुआत की है। इसके तहत हम लोगों को इस बीमारी को लेकर जागरूक करेंगे और उनका इलाज करेंगे।

**क्या है श्रवण हानि :** डॉ. अनुरागिनी गुप्ता ने बताया कि श्रवण हानि का अर्थ सिर्फ बहरापन नहीं होता है। श्रवण हानि का मतलब है किसी रोग, समस्या, अवस्था या परिस्थिति के चलते व्यक्ति की सुनने की क्षमता पूर्ण या आंशिक रूप से कम होना। ऐसा किसी भी उम्र में हो सकता है तथा इसके लिए कई कारणों जिम्मेदार हो सकते हैं।

# पल्स पोलियो अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के सैंकड़ों बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दो बूंद

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टीक व शिव मंदिर प्रांगण में पोलियो बूथ पर जन्म से 5 वर्ष तक के सैंकड़ो बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों व नर्सिंग स्टाफ द्वारा पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। एएनएम शीनम ने बताया कि बार-बार और एक साथ खुराक पिलाने से पूरे क्षेत्र के 0 से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों में इस बीमारी से लडने की एक साथ क्षमता बढती है, और इससे पोलियो विषाणु को किसी भी बच्चे के शरीर में पनपने की जगह नहीं मिलेगी, जिससे पोलियो का खात्मा हो जायेगा। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों में भी उत्साह देखा गया और वे अपने-अपने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए बूथों पर लेकर पहुंचे।



# गरीब, किसान, कमेरे वर्ग की चंडीगढ़ में आवाज बनी जेजेपी : अजय सिंह चौटाला

## लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी राजनीतिक सलाहकार समिति और 4 विशेष कमेटियां बनाने का निर्णय, कहा, लड़ेंगे, तभी तो जीतेंगे और चौधरी देवीलाल के विचारों को जिंदा रखेंगे

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि पिछले सवा चार साल में जेजेपी गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के लिए चंडीगढ़ में आवाज बनी है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की प्रेरणा से पार्टी आज मजबूत भी हो रही है और लोगों के काम भी कर रही है।

वे रविवार को करनाल में जेजेपी राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जेजेपी की राजनीतिक सलाहकार समिति और चार विशेष समितियां बनाने का फैसला लिया है। जेजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई गई नई समन्वय समिति को एनडीए नेतृत्व से एक सप्ताह में बातचीत कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन और प्रचार के लिए भी कमेटियों का गठन किया। बैठक में जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर गंभीरता के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि पूर्ण बहुमत ना होने, कोरोना महामारी व किसान आंदोलन की वजह से कार्यकर्ताओं की उम्मीदों के अनुसार काम होने में बाधाएं आई लेकिन पार्टी ने अपने बहुत सारे चुनावी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चुनावों की जोर-शोर से तैयारी करें और प्रदेश में जेजेपी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए काम करें। अजय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट



जाएं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, गली-गली, घर-घर जाएं और एक-एक व्यक्ति से संपर्क करें और पार्टी के लिए समर्थन मांगे। जेजेपी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बड़े-बड़े दावे करने वाली कांग्रेस जैसी पार्टियों को आज बैसाखी की जरूरत पड़ गई है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी के घोषणा पत्र का बड़ा वादा कुरुक्षेत्र में संत गुरु रविदास मंदिर बनाने को हरियाणा सरकार के बजट में शामिल किया गया है, इसके लिए पार्टी ने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया और जल्द हरियाणा सरकार को भी धन्यवाद प्रस्ताव भेजा जाएगा। जेजेपी की बैठक में वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन, चौधरी चरण सिंह सहित पांच महान हस्तियों को भारत रत्न देने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। वहीं स्वर्गीय जननायक चौधरी देवीलाल और कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग पत्र के जरिए केंद्र से की जाएगी। चुनाव के संदर्भ में दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि लड़ेंगे, तभी तो जीतेंगे और चौधरी देवीलाल के विचारों को जिंदा रखेंगे।

जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों को 'मिशन दुष्यंत 2024' को कामयाब बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि वे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा गठबंधन सरकार में करवाए जा रहे जनहितैषी कार्यों का प्रचार-प्रसार करें। जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ केसी बांगड़ ने जेजेपी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गिले शिकवे भूल कर जेजेपी की मजबूती का एक ही संकल्प लेकर आज से ही जुट जाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को शपथ दिलवाई कि वे अपने नेता डॉ अजय सिंह चौटाला के आदेशानुसार अनुशासन और जोश के साथ काम करेंगे। राज्य मंत्री अनूप धानक ने चौ. देवीलाल और कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग पर बोलते हुए कहा कि ताउम्र इन दोनों महान विभूतियों ने गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में काम किया है।